महत्वपूर्ण एवं खास

रविवार को कोरबा जिले में मिले 9 कोरोना पाजिटिव्ह, कुल संख्या पहुंची 131 पर

कोरबा। रविवार को भी कोरबा जिले में कोरोना के 9 मरीजों की पहचान की गई। इसके साथ ही जिले में कोरोना पाजिटिव्ह मरीजों की संख्या 131 हो गई है। बाईट ढाई साल में कोरोना से जिले के 600 लोग काल कवलित हो चुके हैं। उधर छत्तीसगढ़ में भी कोरोना के मामले तेजी से बढ़ रहे हैं। रविवार को 203 नए कोरोना मरीजों की पहचान हुई है आज 116 लोग डिस्चार्ज हुए हैं छग स्वास्थ्य विभाग की ओर से जारी मेडिकल बुलेटिन के मुताबिक प्रदेश की औसत पॉजिटिविटी दर 5.39 प्रतिशत हो गई है प्रदेश में अब एक्टिव केस की संख्या 2742 हो गई है, प्रदेश में रविवार को 3769 लोगों की कोरोना जांच की गई, जिसमें 17 जिलों से 203 संक्रमित पाए गए सबसे ज्यादा रायपुर से 51, दुर्ग से 39, राजनांदगांव से 36, बलौदाबाजार से 16, बिलासपुर से 13, मरीज पाए गए। इसके अलावा कोरबा, रायगढ़ और जांजगीर-चांपा से 9-9 मरीज मिले हैं।

कारोबारी के घर से लाखों का सामान पार, सीसीटीवी कैमरे में आरोपी कैद

कोरबा। कोरबा जिले में एक कारोबारी के सूने मकान में चोरों ने धावा बोल दिया। चोरों ने कारोबारी के घर से लाखों का माल पार कर दिया है। घटना सीसीटीवी में कैद हो गई है। मामला सीएसईबी चौकी क्षेत्र अंतर्गत टीपी नगर का है। जानकारी के अनुसार टीपी नगर स्थित आवासी कॉलोनी में निवासरत कारोबारी श्रवण कुमार बेरीवाल के सूने मकान में कल रात चोरों ने धावा बोलकर सोने.चांदी के जेवरात सहित लाखों का माल पार कर दिया है। चोरी की वारदात सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई है। बताया जाता है कि चोरी के दौरान पूरा परिवार रायपुर में था, जब परिवार के सदस्य ने सुबह सीसीटीवी कैमरे का फुटेज चेक किया तब उन्हें चोरी के बारे में जानकारी हुई।

छत्तीसगढ़ में अब तक 440.7 मिमी औसत वर्षा दर्ज

रायपुर (आरएनएस)। छत्तीसगढ़ में चालू मानसून सत्र में एक जून 2022 से अब तक राज्य में 440.7 मिमी औसत वर्षा दर्ज की जा चुकी है। राज्य के विभिन्न जिलों में 01 जून से आज 18 जुलाई तक रिकार्ड की गई वर्षा के अनुसार बीजापुर जिले में सर्वाधिक 1105.9 मिमी और बलरामपुर जिले में सबसे कम 140.2 मिमी औसत वर्षा दर्ज की गयी है। प्रदेश में पिछले दस वर्षों के आधार पर अब तक वर्षा का औसत 377.9 मि.मी. है। राज्य स्तरीय बाढ़ नियंत्रण कक्ष से प्राप्त जानकारी के अनुसार एक जून से अब तक सरगुजा में 160.9 मिमी, सूरजपुर में 229.9 मिमी, जशपुर में 174.7 मिमी, कोरिया में 249.4 मिमी, रायपुर में 308.3 मिमी, बलौदाबाजार में 410.4 मिमी, गरियाबंद में 525.8 मिमी, महासमुंद में 465.5 मिमी, धमतरी में 548.7 मिमी, बिलासपुर में 455.7 मिमी, मुंगेली में 496.3 मिमी, रायगढ़ में 375.2 मिमी, जांजगीर-चांपा में 511.8 मिमी, कोरबा में 323.5 मिमी, गौरेला-पेण्ड्रा-मरवाही में 445.5 मिमी, दुर्ग में 430.4 मिमी, कबीरधाम में 422.0 मिमी, राजनांदगांव में 508.7 मिमी, बालोद में 604.1 मिमी, बेमेतरा में 324.6 मिमी, बस्तर में 537.2 मिमी, कोण्डागांव में 536.2 मिमी, कांकेर में 629.6 मिमी, नारायणपुर में 463.3 मिमी, दंतेवाड़ा में 528.5 मिमी और सुकमा में 427.5 मिमी औसत वर्षा रिकार्ड की गई।

तेज बारिश को देखते हुए बाढ़ एवं रेस्क्यू के लिए तैयार किया गया टीम

धमतरी (आरएनएस)। पुलिस अधीक्षक धमतरी प्रशांत ठाकुर के निर्देश पर अभी हो रही तेज बारिश को देखते हुए रक्षित निरीक्षक धमतरी को बाढ़ एवं रेस्क्यू के लिए टीम तैयार कर एलर्ट मोड पर रखने के निर्देश दिया गया था। जिस पर रक्षित निरीक्षक धमतरी के.देव राजू द्वारा रेस्क्यू टीम को तैयार कर एलर्ट रखा गया है। धमतरी पुलिस कि रेस्क्यू टीम में नगर सेना के गोताखोर जवानों द्वारा यह रेस्क्यू टीम अभी बारिश में लगातार नजर बनाए रखेंगे।

हर घर हरियाली अभियान : एक ही दिन में रोपे गए साढ़े तीन लाख पौधे

- जन सामान्य की सक्रिय सहभागिता, मुख्यमंत्री, मंत्रियों-अधिकारियों सहित विधायकों ने भी अपने-अपने घरों में लगाए पौधे
- मुख्यमंत्री बघेल ने सीएम हाउस में लगाया रुद्राक्ष का पौधा
- आज पहले सावन सोमवार को जिले के निगम, पंचायत, सरकारी कार्यालयों,निजी भूमि सहित सार्वजनिक स्थानों में किया गया बड़े पैमाने पर वृक्षारोपण

रायपुर (आरएनएस)। जिला प्रशासन की महत्वाकांक्षी पहल हर घर हरियाली अभियान में जिलेवासियों ने बढ़-चढक़र अपनी सक्रिय सहभागिता निभायी है। आज रायपुर जिले के सभी शहरी और ग्रामीण इलाकों में लोगों ने अपने घरों, खेतों, खाली जमीन पर बड़े पैमाने पर वृक्षारोपण किया। जिले में इस अभियान के तहत एक ही दिन में तीन लाख पचास हजार से अधिक पौधे रोपे गये। कलेक्टर डॉ. सर्वेश्वर भूरे की इस पर्यावरण हितैषी पहल में मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के साथ राज्य सरकार के मंत्रियों, अधिकारियों और विधानसभा के सदस्यों सहित सभी जनप्रतिनिधियों ने भी सक्रिय योगदान दिया। भूपेश बघेल ने आज सीएम हाउस में रूद्राक्ष का पौधा लगाया। वहीं सभी मंत्रियों ने भी अपने-अपने आवास में पौध रोपण किया। कलेक्टर डॉ.सर्वेश्वर भूरे ने सपत्निक अपने कचना स्थित आवास में पौधा लगाया। इसके बाद उन्होंने कार्यालय पहुंचकर प्रशासन की टीम के साथ कलेक्टोरेट परिसर में भी वृक्षारोपण किया। नगर निगम आयुक्त सहित जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी, वन विभाग के अधिकारियों और अन्य विभागीय अधिकारियों ने भी अपने-अपने कार्यालयों में पौधे लगाए।

मानव जीवन को बनाये रखने जरूरी है वृक्षारोपण

कलेक्टर ने जिले के आमजनों से वृक्षारोपण और उसके संरक्षण के लिए अपील करते हुए कहा कि पर्यावरण को बेहतर बनाने के लिए हर व्यक्ति एक पौधा जरूर लगाएं। वृक्ष और पौधे हवा को शुद्ध करते हैं। पानी को संरक्षित करते हैं। जलवायु नियंत्रण में मदद करते हैं। मिट्टी की शक्ति को बरकरार रखते हैं और कई अन्य तरीकों से पूरे पर्यावरण को लाभ पहुंचाते हैं। मानव के जीवन को सुखी, सम्रद्ध व संतुलित बनाए रखने के लिए वृक्षारोपण का अपना विशेष महत्व है।वृक्षारोपण मानव जाति को कई लाभ प्रदान करता है और हम सभी इस बारे में अच्छी तरह जानते हैं। हम यह भी जानते हैं कि हम में से प्रत्येक के द्वारा किए गए छोटे-छोटे प्रयास पूरे पर्यावरण के लिए बहुत बड़ा परिवर्तन उत्पन्न कर सकते हैं।

लगाए गए फलदार-छायादार पौधे

जिला प्रशासन की तरफ से इस वृक्षारोपण महा अभियान में जिले के निगम, पंचायत और सरकारी कार्यालयों में वृक्षारोपण किया गया। इस अभियान के तहत उपयोगिता और स्थान के अनुसार नीम, गुलमोहर, दशमत फूल, अमरूद, पपीता, आम, अर्जुन, करंज, बादाम, मुनगा आदि प्रजाति पौधे लगाए गए। सार्वजनिक स्थानों, सरकारी भवनों, स्कूलों, उद्योग, आंगनबाडी केंद्रों, रिहायशी इलाक़ों में फलदार-छायादार पौधों का रोपण किया गया। वन और उद्यानिकी विभाग ग्राम पंचायत, नगरीय निकाय कार्यालय तक माँग के अनुसार संख्या में पौधे उपलब्ध कराया गया।

घर-घर पहुंचाकर पौधे देने की भी थी सुविधा-

इस अभियान के तहत पूरे ज़िले में नगरीय और ग्रामीण क्षेत्रों में बड़ी संख्या में घर-घर पहुंचाकर भी लोगों को पौधे दिए गए, और उन्हें लगाने तथा उनकी देखभाल का तरीका भी बताया गया। नगर निगम के अधिकारियों सहित वन विभाग और उद्यानिकी विभाग के अधिकारियों-कर्मचारियों ने लोगों को पौधों के लिए घर पहुंच सेवा उपलब्ध कराई। इसके साथ ही निशुल्क पौधे प्राप्त करने के लिए मोबाईल नम्बर भी सार्वजनिक किए गए थे। वृक्षारोपण के इच्छुक नागरिकों ने इन मोबाईल नम्बरों पर फोन कर अपने घर पौधे मंगवाये।

महापौर ने अपने निवास में किया वृक्षारोपण, लोगों से अभियान को सफल बनाने की अपील भी की - महापौर एजाज ढेबर ने हर घर हरियाली अभियान के तहत अपने निवास परिसर में वृक्षारोपण किया। उन्होंने इस दौरान बताया कि जिला प्रशासन और नगर निगम रायपुर द्वारा एक वृहत आंदोलन चलाया जा रहा है। सावन के प्रथम सोमवार को ही एक ही दिन में नगर निगम क्षेत्र में 1 लाख से अधिक पौधे रोपे गए है। ग्रीन रायपुर-क्लीन रायपुर की परिकल्पना को इस अभियान के जरिए साकार करने के लिए महापौर एजाज ढेबर ने सभी लोगों से अपील की है कि पौधे लगाकर उनका संरक्षण करें। ताकि वृक्षारोपण के महत्ती उद्देश्य को पूरा करते हुए वातावरण को प्रदूषित होने से बचाया जा सके, जलवायु परिवर्तन के खतरनाक प्रभावों से बचाये जा सके।

खाट के सहारे गर्भवती को ग्रामीणों ने कराया उफनती नदी पार

कोरबा। जिले के सबसे पिछड़े पोड़ी उपरोड़ा विकासखंड के ग्राम कर्री में प्रसव पीड़ा से तड़पती एक गर्भवती महिला को उफनती बम्हनी नदी से ग्रामीणों ने खाट के सहारे पार कराया। दूसरी छोर पर खड़ी 112 में बैठाकर उसे अस्पताल पहुंचाया गया हैं, जहां उसका सुरक्षित प्रसव हुआ। बारिश ने जिले के दूसस्थ पहुंच विहीन गांवों में आवागमन के लिए हो रही बदहाली की पोल खोल दी है।

वर्षा के समय टापू बन जाने वाले गांवों का अस्तित्व जिले आज भी बरकरार है। आवागमन बंद होने से ग्रामीणों की समस्या सामने आने लगी है।जिला मुख्यालय से 98 किलोमीटर ग्राम पंचायत कर्री के आश्रित ग्राम तुलबुल में निवासरत राजकुमार यादव की पत्नी गायत्री यादव का प्रसव पीड़ा शुरू हुई। राजकुमार ने 112 को फोन लगाया। वाहन कर्री तक पहुंच गई लेकिन बीच में पडऩे वाली बम्हनी नदी में उफान था। नदी में बने रपटा के उपर से पानी बह रहा था। ऐसे वाहन का गांव तक पहुंचना असंभव था। इधर गायत्री की प्रसव पीड़ा बढ़ती जा रही थी। ग्रामीणों ने उसे खाट के सहारे उफनती नदी से पार कराया। इस तरह 112 में माध्यम से उसे प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पसान लाया गया। यहां सुरक्षित प्रसव के बाद जच्चा बच्चा दोनों स्वस्थ्य हैं।

जिले के अंतिम छोर में बसे ग्राम पसान क्षेत्र में कई ऐसे गांव है जहां स्वास्थ्य कर्मी पहुंचते ही नहीं। ग्रामीणों का कहना है कि उनका गांव जिला मुख्यालय से 98 किलोमीटर दूर है। वहीं पसान अस्पताल के लिए पांच किलोमीटर के दूरी तय करनी पड़ती है। बारिश के समय आवागमन की समस्या और भी बदतर हो जाते हैंए मरीजों को नाव के सहारे नदी पार करनी पड़ती है। रात के समय नाव की सुविधा भी नहीं मिल पाती है। ग्रामीणों ने नदी पर जल्द से जल्द पुल बनाने की मांग सरकार से की है।

छेड़छाड़ का आरोप लगाकर तोड़े युवक का पैर

- दो आरोपी गिरफ्तार

कोरबा। रजगामार बस्ती में प्रताप सिंह पटेल के मकान के सामने रास्ता रोककर एक युवक को छेडख़ानी का आरोप लगाते हुए लाठी से बेरहमीपूर्वक मारकर उसका पैर तोडऩे वाले सगे भाईयों को रजगामार पुलिस ने गिर$फ्तार कर लिया। मामले में वैधानिक प्रक्रिया पूर्ण कर प्रकरण को विचारण के लिए न्यायालय पेश किया जा रहा है।

जानकारी के अनुसार बालको नगर थाने की रजगामार चौकी क्षेत्रांतर्गत रजगामार बस्ती निवासी युवक धनसाय यादव उम्र 35 पिता धरमू यादव विगत 15 जुलाई को दोपहर 2.30 बजे के लगभग अपने घर आवश्यक कामों को निपटाकर खाना खाने के लिए जा रहा था। उस दिन वह बस्ती में प्रताप सिंह पटेल के मकान के सामने पहुंचा ही था कि नशे में मदमस्त होकर गंगाराम कंवर उम्र 33 तथा शिवलाल कंवर उम्र 31 दोनों के पिता सुखदेव सिंह कंवर वहां मिल गए। इन दोनों ने धनसाय यादव का रास्ता रोककर दबंगई का रौब झाड़ते हुए लाठी-डंडे से उसके उपर बेरहमीपूर्वक प्रहार यह कहते हुए शुरू कर दिया कि बस्ती में लड़कियों को छेड़ते हो। इस तरह उसके उपर आरोप लगाकर दबंग कंवर बंधुओं ने डंडे से उसके पैर पर ऐसा प्रहार किया कि धनसाय यादव का एक पैर पूरी तरह से फ्रैक्चर हो गया।

बताया जाता है कि इस घटना की रिपोर्ट धनसाय यादव पिता धरमू यादव ने उसी दिन रजगामार चौकी पहुंचकर प्रभारी सुरेश जोगी को अपनी व्यथा सुनाते हुए दर्ज करा दी। रजगामार चौकी पुलिस ने प्रार्थी की रिपोर्ट पर उपरोक्त दोनों आरोपियों के विरूद्ध अपराध क्रमांक 412/22 धारा 294, 506बी, 341, 323, 34 भादिव के तहत एकराय होकर मारपीट करने के साथ ही जान से मारने की धमकी देने का जुर्म दर्ज कर लिया था। जबकि आरोपी द्वय फरार हो गए थे। इसी बीच मुखबिर से सूचना मिलने पर रजगामार चौकी पुलिस प्रभारी सुरेश जोगी ने दोनों आरोपियों को उपरोक्त प्रकरण में गिरफ्तार कर लिया। वैधानिक प्रक्रिया पूर्ण कर पुलिस प्रकरण को विचारण के लिए कोरबा न्यायालय पेश करने जा रही है।

एक साल पहले आबकारी की टीम को घेरकर पथराव करने वाले 5 आरोपी गिरफ्तार

कोरबा। करीब एक साल पहले हरदीबाजार के मुरली मसुरिहापारा में शराब पकडऩे के लिए छापा मारने बोलेरो में आबकारी विभाग की टीम पहुंची थी। जहां ग्रामीणों ने टीम को घेर लिया था। साथ ही वाहन पर पथराव किया था। मामले में फरार चल रहे 5 आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है।

हरदीबाजार चौकी प्रभारी एसआई मयंक मिश्रा ने बताया कि पिछले साल 6 सितंबर को आबकारी विभाग की उप निरीक्षक सोनल अग्रवाल के नेतृत्व में उनकी टीम ग्राम मुरली मसुरिहापारा में बोलेरो से शराब पकडऩे पहुंची थी। जहां सुरजा बाई धनुहार के घर छापा मारकर शराब पकड़ा गया था। पंचनामा व जब्ती कार्रवाई के दौरान शाम को सूरजा बाई व उसके सहयोगियों ने उन निरीक्षक अग्रवाल व उनकी टीम को घेरकर शासकीय कार्य में बाधा पहुंचाया था। वहीं वाहन में पथराव करते हुए जब्त शराब को छीन लिया था। घटना की रिपोर्ट पर तब हरदीबाजार चौकी में आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज किया गया थाए लेकिन आरोपी फरार हो गए थे। रविवार को मुखबिर से आरोपियों के गांव पहुंचने की जानकारी मिली। तब पुलिस टीम ने घेराबंदी करके सुरजा बाई को पकड़ा। पूछताछ के आधार पर अन्य आरोपी भुवन सिंह धनुवार, फिरतु राम धनुवार, सनत सिंह नेताम व उर्मिला बाई को गिरफ्तार किया गया, जिन्हें कोर्ट पेश किया गया। जहां से रिमांड पर जेल भेज दिया गया।

अभिव्यक्ति कार्यक्रम : स्कूल के बच्चों को बताया गया गुड और बेड टच

रायगढ़। पुलिस अधीक्षक अभिषेक मीणा के दिशा निर्देशन पर पुलिस रक्षा टीम द्वारा स्कूल, कॉलेज, छात्रावास में "अभियक्ति कार्यक्रम" के माध्यम से जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे है। इसी क्रम में आज दिनांक 18.07.2022 को रक्षा टीम प्रभारी सहायक उप निरीक्षक मंजु मिश्रा एवं उनके स्टाफ किरोड़ीमलनगर स्थित आदर्श ग्राम भारती स्कूल में छात्र-छात्राओं को महिला एवं विविध अपराधों के संबंध में जानकारी देते हुए महत्वपूर्ण हेल्प लाइन नम्बरों की जानकारी दिया गया है।

कार्यक्रम में रक्षा टीम प्रभारी सउनि मंजु मिश्रा द्वारा महिलाओं को सुरक्षा प्रदान किए जाने के लिए बनाए गए मोबाइल एप ''अभिव्यक्ति ऐप" के बारे में भी जरूरी जानकारी दिया गया। कार्यक्रम में उपस्थित सभी यातायात के नियमों का पालन करने कहा गया। इसके साथ ही साइबर क्राइम के संबंध में जानकारी देकर मोबाइल पर आये अंजान यूपीआई पे रिक्वेस्ट, ओएलएक्स फ्रॉड, व्हाट्सएप वीडियो कॉलिंग एवं फेसबुक फ्रॉड, बाल विवाह, छेड़छाड़, दहेज प्रताड़ना, घरेलू हिंसा और बच्चों के ऊपर होने वाली लैंगिक अपराध, बाल अधिकार, बाल मजदूरी और मानव तस्करी के बारे में विस्तृत जानकारी दिया गया एवं छात्रों को कानून द्वारा प्रदत्त उनके अधिकारों के बारे में जानकारी दिया गया। कार्यक्रम में छात्र-छात्राओं को "अभिव्यक्ति ऐप" के बारे में बताया गया और उसके इस्तेमाल के फायदे बताये गये। महिला रक्षा टीम के सदस्यों द्वारा छात्राओं को सेल्फ डिफेंस का डेमो कर अपनी रक्षा करने के लिये भी प्रेरित किया गया है। साथ ही महत्वपूर्ण हेल्प लाइन नम्बर 1091, डायल 112 नंबर की जानकारी दिया गया है और जागरूकता वाले पाम्पलेट का वितरण किया गया है। कार्यक्रम में छात्र-छात्रओं, शिक्षकगण के साथ रक्षा टीम प्रभारी और रक्षा टीम की महिला आरक्षक प्रीति यादव, आराधना आनंद, रोज मेरी खेश उपस्थित थी।

कृषि संबंधित प्रशिक्षण के लिए कृषि महाविद्यालय एवं अनुसंधान केंद्र में हुआ रावे कार्यक्रम का शुभारंभ

रायगढ़। कृषि महाविद्यालय एवं अनुसंधान केंद्र रायगढ़ में गत दिवस बीएससी (कृषि) चतुर्थ वर्ष के छात्र-छात्राओं के लिए कृषि संबंधित प्रशिक्षण के लिए रावे कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत शैक्षणिक प्रभारी डॉ.श्रीकांत सांवरगांवकर के उद्बोधन के साथ शुरू हुआ जिसमें उन्होंने विद्यार्थियों से आह्वान किया की रावे के अंतर्गत वो किसानों से कृषि संबंधित अत्यंत महत्वपूर्ण जानकारी प्राप्त कर सकते हैं और किसानों को वो कृषि की उन्नत तकनीक से अवगत करा सकते हैं। एनएसएस प्रभारी गंगा राम राठिया ने रावे के महत्व के ऊपर प्रकाश डाला और विद्यार्थियों को पूरी मेहनत के साथ इसे करने को कहा। महाविद्यालय के अधिष्ठाता डॉ.ए.के.सिंह ने कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए बताया की रावे कार्यक्रम के तहत विद्यार्थीगण किसानों से अपने अनुभव कार्य एवं तकनीक को साझा करेंगे। उन्होंने बताया कि अगर विद्यार्थी रावे को प्रायोगिक रूप से निष्ठापूर्वक करें तो इससे उनको बहुत कुछ सीखने को मिलेगा। कार्यक्रम के अगले वक्ता के रूप में डॉ.रोशनी भगत ने विद्यार्थियों को कृषि क्षेत्र पर कार्य करके उससे ज्यादा से ज्यादा सीखने के लिए प्रेरित किया। उद्यानिकी विज्ञान की वैज्ञानिक डॉ.सरिता अग्रवाल ने छात्र-छात्राओं को पौधरोपण कार्यक्रम को प्रभावी रूप से करने पर बल दिया। रावे प्रभारी संदीप पैंकरा ने रावे के बारे में छात्र-छात्राओं से विस्तार से बताते हुए कहा कि रावे कार्यक्रम के लिए समीपस्थ गांव संबलपुरी को चुना गया है। चतुर्थ वर्ष के 45 विद्यार्थी पूरे सेमेस्टर भर विभिन्न विषयों की तकनीकी कार्य साझा करेंगे। उन्होंने बताया कि विद्यार्थी महाविद्यालय के अलग-अलग विषय विशेषज्ञों के मार्गदर्शनुसार कृषि के विभिन्न विषयों के नवीन तकनीक को सीख सकते हैं। महाविद्यालय के एलपीएम सहायक प्राध्यापक डॉ.ब्रजेश पटेल ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा की रावे कार्यक्रम के अंतर्गत उन्हें डेरी, मछलीपालन और मुर्गी फार्म का भ्रमण करवाया जाएगा और उनसे संबंधित समस्या और उसका निदान बताया जाएगा।

SJU - Contact No. +91 9301915303 E-mail ID- sjunion29@gmail.com

Social Justice Union

Registered with Govt. No. 5526

Join SJU

अधिकार से न्याय तक

आवश्यकता

इस संघ का गठनसम्पूर्ण छत्तीसगढ़ में पीड़ितों को न्याय दिलाने के लिए किया गया है, जिसे छत्तीसगढ़ शासन से मान्यता प्राप्त है, जिसका क्रमांक 5526 है, तथा सम्पर्क हेतु नं0 9301915303 है। इस संघ के गठन पर संघ के संरक्षक एवं लीगल एडवाईजर श्री तथागत श्रीवास्तव (अधिवक्ता, माननीय उच्च-न्यायालय), एवं गवर्निंग बोर्ड के सदस्यों कु0 सी.बी.वर्मा, श्रीमती ऐकता श्रीवास्तव, श्रीमती रजनी साकुन्डे एवं अन्य ने शासन को धन्यवाद ज्ञापित किया, और कहा कि संघ के पास सामाजिक अन्याय अथवा मानवाधिकार हनन सम्बंधी तथ्य के प्रस्तुत होने पर, उसे लिखित में शासन एवं प्रशासन में विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर आसीन एवं सक्षम व्यक्तियों के समक्ष संघ की ओर से प्रस्तुत किया जावेगा। साथ ही, विधि, न्याय सम्बंधी कार्य हाथ में लेकर बेसहारा, गरीब, परित्यक्ता, विधवाओं के उत्थान के लिए कार्य किया जावेगा।

उद्देश्य एवं नियुक्तियां

मुख्य रूप से संघ का उद्देश्य छत्तीसगढ़ प्रदेश के समस्त जिलों एवं ब्लॉक स्तर में सामाजिक न्याय हेतु प्रचार-प्रसार करना, तथा मानवाधिकार हेतु जागरूकता पैदा करना है। संघ साक्षरता एवं अनौपचारिक शिक्षा के माध्यम से मानवाधिकार के सम्बंध में प्रचार प्रसार करना चाहता है। इस हेतु प्रदेश के समस्त जिलों एवं ब्लॉक स्तर पर सामाजिक न्याय एवं मानवाधिकार संरक्षण केन्द्र की स्थापना की जावेगी, और उनमें संघ के द्वारा आधिकारिक नियुक्तियां की जावेंगी। प्रत्येक व्यक्ति इस संघ में सदस्य बन सकता है, जिसके लिए संघ के द्वारा निर्धारित नियम एवं शर्तों का पालन किया जाना अनिवार्य है। इस हेतु सदस्यता फार्म संघ के प्रधान कार्यालय में उपलब्ध है।

मुख्य बिन्दु

प्रताड़ित एवं पीड़ित व्यक्ति की समस्याओं को सुनना, आवेदन लेना तथा पीड़ित को न्याय दिलाने के लिए उचित साधन एवं संसाधनों की जरूरत के अनुसार व्यवस्था करना मूल रूप से इस संघ का कार्य है। पीड़ित व्यक्तियों को न्यायिक, गैर-न्यायिक एवं सामाजिक समस्या पर विधिनुसार एवं संविधान के अनुसार आवश्यक मदद की जावेगी।

पीड़ित संपर्क करें

संघ विशेष रूप से मानवाधिकार दिलाने एवं सामाजिक न्याय प्राप्ति हेतु पीड़ित मानव की हर संभव मदद करेगा तथा इस हेतु पीड़ित मानव के लिए भारतीय संविधान के तहत् विधिक सहायता की व्यवस्था आवश्यकतानुसार करेगा। यदि कोई पीड़ित है तो इस संघ से सम्पर्क कर सकता है।

अन्य बिन्दु

- संघ पर्यावरण संरक्षण एवं पर्यावरण सम्बंधी चेतना हेतु भी जागरूकता लाने का प्रयास करेगा।
- पूरे छत्तीसगढ़ प्रदेश में महिलाओं के अधिकार, श्रमिकों के अधिकार, आदिवासियों के अधिकार, अनुसूचित जाति-जनजातियों के अधिकारों के सम्बंध में विधिक एवं संवैधानिक तौर के कार्यक्रमों को इस संघ द्वारा संचालित किया जावेगा तथा प्रत्येक पीड़ित को उसके कर्तव्यों एवं अधिकारों के बारे में सचेत किया जावेगा। न्याय प्राप्ति हेतु हर संभव मदद की जावेगी।
- संघ शासन से मान्यता प्राप्त है, अतः शासन एवं प्रशासन में विभिन्न पदों पर आसीन् तक पीड़ित की परेशानी को आसानी से पहुँचाया जा सकता है। इस हेतु संघ शासन एवं प्रशासन में विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर आसीन व्यक्तियों से मुलाकात कर पीड़ित को न्याय दिलाने में समस्त सहायता भी करेगा।
- संघ द्वारा संवैधानिक शिक्षा एवं सामाजिक विकास से सम्बंधित रिसर्च कार्यक्रम किए जावेंगे, एवं समान उद्देश्यों वाली अंतर्राष्ट्रीय, राष्ट्रीय, सरकारी तथा गैरसरकारी संस्थाओं के साथ मिलकर काम किया जावेगा।
- संघ सामाजिक कुरीतियों को दूर करने के लिए कार्यशाला का आयोजन भी करेगा। संघ देश के मूले बिछरे पर महान विभूतियों के सम्मान में कार्यक्रम भी आयोजित करायगा।

पढ़िए .... न्यायसाक्षी समाचार-पत्र

:: Address :: Behind Stadium Near Career School, Raigarh, C.G. Pin 496001

www.nyaysakshi.com

सभी से अपील की गई है कि ज्यादा से ज्यादा संख्या में संघ से जुड़कर साथ का साथ दिया जावे ताकि प्रत्येक पीड़ित मानव को न्याय मिल सके एवं एक अच्छे समाज का निर्माण हो सके।

Join SJU Join SJU Join SJU Join SJU Join SJU

माता कर्मा महाविद्यालय के अंदर घुसकर चोरी करने वाला आरोपी गिरफ्तार

- चोरी में प्रयुक्त वाहन व चोरी की गई समान जप्त

कोरबा। प्रार्थी व्यासनाराण साहू पिता स्व. अनंतराम साहू उम्र 52 वर्ष निवासी क्वाटर नंबर आर एम/07 नेहरूनगर कुसमुण्डा का 16 जुलाई 2022 को थाना उपस्थित आकर रिपोर्ट दर्ज कराया कि यह वैशालीनगर स्थित माता कर्मा महाविद्यालय का संचालक है कि दिनांक 16 जुलाई 2022 को अपने पुत्र तुषार भारती के साथ कोरबा गया था घर वापस आते वक्त रात्रि करीबन 10.00 बजे माता कर्मा महाविद्यालय के सामने से गुजर रहा था तो देखा कि कुछ व्यक्ति महाविद्यालय के भीतर से सामान लाकर एक बिना नंबर के टाटा मैजिक वाहन में लोड कर रहे जब पास जाकर देखा तो उक्त वाहन के स्टेरिंग में दिनेश अग्रवाल निवासी गेवराबस्ती बैठा हुआ था उसके अन्य दो साथी सामान लोड़ कर रहे थे जो प्रार्थी को देखकर मौके से फरार हो गये तथा दिनेश अग्रवाल पकड़ा गया। जिन्हें थाना लाकर पेश करने पर अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।

पुलिस अधीक्षक कोरबा संतोष सिंह द्वारा क्षेत्र में डीजल, कोयला, कबाड़ चोरो के विरूद्ध सख्त कार्यवाही के संबंध में दिये गये निर्देशों के परिपालन में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अभिषेक वर्मा व श्रीमान नगर पुलिस अधीक्षक सुश्री लितेश सिंह के मार्गदर्शन पर' आरोपी दिनेश अग्रवाल से हिकमत अमली से पूछताछ किया। जिसने अपने अन्य 02 फरार आरोपीगण के साथ महाविद्यालय में अंदर घूसकर ताला तोडक़र अंदर में दीवाल पर लगे लोहे के खिडक़ी को सब्बल से बाहर निकालकर व खिडक़ी दरवाजा में लगे एल्यूमिनियम के दरवाजा खिडक़ी को सब्बल की मदद से तोड़ फोड़ कर निकालकर गाड़ी में लोड करना व कालेज के संचालक के आ जाने से गाड़ी में बैठा रह जाना तथा अपने साथियों को भाग जाना बताकर जुर्म करना स्वीकार करने पर आरोपी के विरुद्ध अपराध धारा का पर्याप्त सबूत पाये जाने से चोरी में प्रयुक्त एक बिना नंबर का टाटा मैजिक वाहन तथा उसमें लोड लोहे के खिडक़ी व अन्य सामान को जप्त कर कब्ज़ा पुलिस लिया गया तथा आरोपी को विधिवत् गिरफ्तारी कर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया है। प्रकरण की अन्य फरार आरोपीगण की पता तलाश सरगर्मी से की जा रही है, जिनके मिलने पर अग्रिम वैधानिक कार्यवाही की जायेगी।